प्रथम सूचना रिपोर्ट

{ अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया सहित}

1. जिला– **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों, पाली द्वितीय** थानाः– सीपीएस जयपुर **वर्ष 2022**
प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 97/22 दिनांक 24.03.2022

2. (1) अधिनियम **2018** धारा **7, 7ए भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 व 120बी भादस**
(2) अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता धारायेः–
(3) अधिनियम ..... धाराये :–.....
(4) अन्य अधिनियम व धाराये :– .....

3. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या 458 समय 6:00 Pm
(ब) अपराध के घटने का दिन :– **बुधवार, दिनांक 23.03.2022, समय 08:08 पी0एम0**
(स) थाना पर सूचना प्राप्त होने का दिनांक :– **08.03.2022 समय 6:58 ए0एम0**

4. सूचना की किस्म :– टेलिफोनिक / **लिखित**

5. घटनास्थल :–
(अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी :–**चौकी से उत्तर पूर्व में करीब 210 कि0मी0 दूर।**
(ब) पता :– मानासर से कलेक्टर कार्यालय नागौर जाने वाली रोड़ पर जिला परिषद के साईड में सरस बूथ के पास मुख्य मार्ग पर।
(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो :– नहीं

6. परिवादी / सूचनाकर्त्ता :–
श्री रमेशपाल पुत्र री अमरसिंह गॉव सलेमपुर बॉगर तहसील जंगाधरी यमुनानगर, पुलिस थाना सदर जंगाधरी, हरियाणा हाल किराये पर वाटर बॉक्स चौराहा, एमडीएच के पास, हाउसिंग बोर्ड, नागौर।

7. ज्ञात / अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तो का ब्यौरा विशिष्टियो सहित :–
1. श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मगाराम जाति नायक उम्र 33 वर्ष पेशा नौकरी निवासी नारावली पुलिस थाना अनुपगढ़ तहसील अनुपगढ़ जिला श्रीगंगानगर हाल कनिष्ठ सहायक, कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद नागौर
2. श्री विरेन्द्र सांगवा पुत्र श्री रामकिशोर सांगवा जाति जाट उम्र 24 वर्ष, पैशा खेती, निवासी गांव–तरनाउ, तहसील जायल, जिला नागौर
3. श्री पूनाराम पुत्र श्री मोहनराम जाति जाट, निवासी मांझी पुलिस थाना डेगाना जिला नागौर व अन्य।

8. परिवादी / सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :– कोई नहीं।

9. चुराई हुई / लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टयां :–.....

10. चुराई हुई / लिप्त सम्पत्तिया का कुल मूल्य **ट्रेप राशि 94,000 / –रू0 .**

11. पंचनामा / यूडी केस संख्या (अगर हो तो).....

12. विषय वस्तु प्रथम इत्तला रिपोर्ट .....

सेवामें,

श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों,
पाली।

विषय :– रिश्वत मांगने वाले के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करवाने बाबत।

महोदयजी,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ मे निवेदन है कि मै वर्तमान में ग्राम पंचायत पॉचला सीधा प.स. खीवसर जिला नागौर द्वारा करवाये जा रहे नरेगा कार्य मे सामग्री (सी.सी. ब्लाक, डस्ट, ईट आदि) सप्लाई का कार्य करता हूं तथा पांचला के संरपच श्री राजेन्द्रसिह मेरे मित्र भी है। ग्राम पंचायत पांचला के नरेगा कार्य की स्वीकृति आदि कार्य के लिए जिला परिषद नागौर के कार्य मै ही देखता हूं गत– 15–20 रोज पहले राजेन्द्रजी संरपच पांचला ने मुझे कहा कि सितम्बर 2021 से अब तक चार प्रस्ताव तैयार कर भिजवाये है। जिनमे से माह सितम्बर 2021 के प्रस्ताव के तीन काम ही स्वीकृत किए बाकी चारो प्रस्तावो कार्यो की जिला परिषद द्वारा स्वीकृति नही की गई है इसलिए आप सम्बधित अधिकारियो/कर्मचारियो से मिलकर स्वीकृत करवावो जिस पर मै श्री राजेन्द्र जी सरपंच ग्राम पचायत पाचला के कहने पर कल दिनांक 07–03–2022 को जिला परिषद नागौर के सम्बधित बाबु श्री सुरेश कुमार से मिला तो उसने प्रस्तावो, कार्यो की स्वीकृति हेतु सामग्री की राशि का 3 % प्रतिशत व टांको के प्रत्येक टाके के हजार रूपये के हिसाब से 20,000/– रूपये की अपने व XEN श्री रमजान अली खा के लिए रिश्वत की मांग की तथा कहा कि कल आफिस आ जाता मै प्रस्ताव देखकर आपको बता दूंगा कि आपको उक्त चारो प्रस्तावो की शेष स्वीकृतिया जारी करवाने हेतू 3 प्रतिशत के हिसाब से कितनी राशी देनी होगी सुरेश कुमार एक शातीर भ्रष्ट व बहुत ही चालाक है तथा बिना पैसे किसी का काम नहीं करता है तथा रिश्वत की मांग भी मुह से नही कर पेपर पर लिखकर या हाथ से इशारा कर मागता है। इसलिए उसके मागने पर मैने उस वक्त 15000/– रूपये दिए उक्त बात मैने श्री राजेन्द्र जी संरपच ग्राम पचायत पाचला से बात कर बताई है तथा मै उनके कहे अनुसार आज कार्यलय जिला परिषद नागौर मे जाकर जब सुरेश कुमार से मिलूगा तो श्री सुरेश कुमार ग्राम पंचायत पाचला के नरेगा कार्यो के प्रस्ताव देख कर रिश्वत राशि की मॉग अपने व XEN श्री रमजान अली के लिए करेगा। मै श्री सुरेश कुमार को जायत काम की ऐवज मे रिश्वत नही दे कर उन्हे रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हू मेरी श्री सुरेश कुमार से कोई दुश्मनी या लेन–देन बकाया नही है।

अतः– रिर्पोट प्रस्तुत कर निवेदन है कि कानूनी कार्यवाही करावे।

दिनांक 08–03–2022

भवदीय
सही/–
रमेशपाल S/o अमरसिंह
गॉव सलेमपुर बॉगर तहसील
जगाधरी यमुनानगर
हरियाणा

एसडी कानाराम एसडी मोहम्मद शाहिद एसडी सीताराम नि.पु. एसडी महिपाल उ.अ.पु.

15.03.2022 15.03.2022 08.03.2022 08.03.2022

कार्यवाही पुलिस दिनांक 08.03.2022 समय 06.58 ए0एम0

इस समय परिवादी श्री रमेशपाल नें अपने मोबाईल नं. 87087–41946 से श्री महिपाल उप अधीक्षक पुलिस के मोबाईल नं. 9414577001 पर कॉल कर बताया कि मै वर्तमान में ग्राम पंचायत पांचला सिद्धा जिला नागौर द्वारा करवाये जा रहे नरेगा कार्यो में सामग्री सप्लाई कार्य करता हूं तथा पांचला के सरपंच श्री राजेन्द्रसिंह मेरे मित्र भी हैं। ग्राम पंचायत पांचला के नरेगा कार्य की स्वीकृति आदि कार्य के लिये जिला परिषद नागौर के कार्य मैं ही देखता हूं। गत 15–20 रोज पहले राजेन्द्रजी सरपंच ने मुझे भेजे गये पैण्डिंग कार्यो के प्रस्तावों की स्वीकृति हेतु संबंधित अधिकारी से मिलने का कहने पर मै कल दिनांक 07.03.2022 को जिला परिषद नागौर के संबंधित बाबू श्री सुरेश कुमार से मिला तो उसने प्रस्तावें के कार्यो की स्वीकृति हेतु प्रस्तावों के सामग्री पेटे दी जाने वाली राशि का 3 प्रतिशत एवं टांको के प्रत्येक टांके के 1,000 रूपये के हिसाब से कुल 2,00,000 रूपये अपने स्वंय एवं एक्सईएन श्री रमजान अली खां के लिये रिश्वत की मांग की तथा कल मुझे अपने कार्यालय बुलाया है एवं कहा है कि कल प्रस्ताव देखकर के 3 प्रतिशत से बनने वाली सटीक राशि बता दूंगा। मैं सुरेश कुमार को जायज काम की ऐवज में

रिश्वत राशि नहीं देकर उसे रिश्वत लेते हुऐ रंगे हाथों पकड़वाना चाहता हूं। जिस पर परिवादी श्री रमेशपाल को पाली एसीबी कार्यालय आकर रिपोर्ट देने को कहा गया, मगर परिवादी ने अपने घरेलू आवश्यक कार्य का हवाला देकर पाली आने में असमर्थता जताई। जिस पर परिवादी को कहा गया कि हम पाली से रवाना हो रहे है आप अपनी रिपोर्ट लेकर तैयार रहना हम नागौर पहुंच कर आपसे सम्पर्क कर नियत स्थान पर बुलाने पर उपस्थित आवें। परिवादी की शिकायत पर अग्रिम कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। साथ ही परिवादी को गोपनीयता बरतने की हिदायत की। तत्पश्चात् श्री उप अधीक्षक पुलिस हमराह मन् सीताराम निरीक्षक पुलिस, श्री रामकिशोर हैड कानि. नं 56 मय कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकार्डर लेकर ब्यूरो चौकी पाली से नागौर के लिये जरिये निजी वाहन रवाना होकर नागौर के बीकानेर बाईपास पर पहुंचा। परिवादी के उपरोक्त मोबाईल नम्बर पर संपर्क कर उपस्थिति ज्ञात करने पर परिवादी श्री रमेशपाल नागौर बस स्टेण्ड के पास ही उपस्थित होना बताया। तत्पश्चात् श्री उप अधीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी को नागौर के बीकानेर बाईपास पर नायरा पेट्रोल पम्प के पास एकान्त स्थान नियत कर बुलाया गया। परिवादी उपस्थित आया। जिस पर श्री उप अधीक्षक पुलिस द्वारा उनको अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछने पर उन्होंने अपना परिचय श्री रमेशपाल पुत्र श्री अमरसिंह गांव सलेमपुर बॉगर तहसील जंगाधरी यमुनानगर पुलिस थाना सदर जंगाधरी राज्य हरियाणा एवं हाल किराये पर वाटर बॉक्स चौराहा, एमडीएच के पास, हाउसिंग बोर्ड, नागौर होना बताया। तत्पश्चात् परिवादी श्री रमेशपाल नें एक लिखित रिपोर्ट स्वयं हस्ताक्षरित मय अपना पहचान पत्र एवं ग्राम पंचायत पांचला सिद्धा द्वारा नरेगा कार्यो के भेजे गये चार प्रस्तावों की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की। जिसका अवलोकन श्रीमान उप अधीक्षक पुलिस द्वारा करने पर परिवादी श्री रमेशपाल द्वारा पूर्व में दूरभाष पर बताये तथ्य ही शिकायत में अंकित होना पाये गये। पूछने पर परिवादी श्री रमेशपाल नें रिपोर्ट में अंकित समस्त तथ्य सही होना बताया। दरियाफ्त पर पूछने पर परिवादी नें उक्त रिपोर्ट में वर्णित तथ्य ही बताते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पांचला के नरेगा कार्य की स्वीकृति आदि कार्य के लिये जिला परिषद नागौर के कार्य मैं ही देखता हूं। गत 15–20 रोज पहले राजेन्द्रजी सरपंच ने मुझे पंचायत द्वारा भेजे गये कार्यो के 04 प्रस्तावों की पैण्डिंग स्वीकृति हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से मिलने का कहने पर मै कल दिनांक 07.03.2022 को जिला परिषद नागौर के संबंधित बाबू श्री सुरेश कुमार से मिला तो उसने प्रस्तावो के कार्यो की स्वीकृति हेतु प्रस्तावों के सामग्री पेटे दी जाने वाली राशि का 3 प्रतिशत एवं टांको के प्रत्येक टांके के 1,000 रूपये के हिसाब से कुल 2,00,000 रूपये अपने स्वंय एवं एक्सईएन श्री रमजान अली खां के लिये रिश्वत की मांग की तथा उस वक्त कुछ राशि देने का कहने पर मैने मेरे पास उस वक्त 15,000 रूपये थे जो श्री सुरेश कुमार बाबू को मांगने पर दिये क्योंकि सुरेश कुमार बहुत ही शातिर एवं भ्रष्ट किस्म का कर्मचारी है तथा बिना पैसे कोई काम नहीं करता है। श्री सुरेश कुमार ने कल मुझे अपने कार्यालय में पुनः बुलाया है एवं कहा है कि कल प्रस्ताव देखकर के 3 प्रतिशत से बनने वाली सटीक राशि बता दूंगा। जिस पर मैंने जरिये मोबाईल उक्त बात श्री राजेन्द्रसिंह सरपंच पांचला सिद्धा को बताई तो उन्होंने मुझे कहा कि अपने जायज कार्य के पेटे रिश्वत राशि नहीं देनी है तथा रिश्वत मांगने वाले के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करवानी है मगर मैं गांव के सरपंच के पद पर कार्यरत होकर जनप्रतिनिधि होने के कारण स्वंय उक्त रिश्वत मांगने वाले बाबू के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करवाकर आपको अधिकृत करता हूं तथा साथ ही आपको यह भी ध्यान रखना है कि मेरा नाम जनता में उजागर नहीं हो इसलिये आप गोपनीय रूप से उक्त बाबू के विरूद्ध एसीबी में कार्यवाही करवाकर पकडवावें। तथा बाबू को रिश्वत में दी जाने वाली राशि मैं आपको दे दूंगा मगर अपने प्रस्तावों के कार्यो की स्वीकृति करवाने के बाद उक्त कार्यवाही करवाना तथा कुछ राशि कम करवाने हेतु अनुरोध करना। वगैरा रिपोर्ट एवं दरियाफ्त से मामला प्रथम दृष्ट्या भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 का पाया जाने पर श्री उप अधीक्षक पुलिस द्वारा रिश्वत राशि के परिपेक्ष्य में मांग सत्यापन एवं अग्रिम ट्रेप कार्यवाही हेतु मन् निरीक्षक पुलिस को परिवादी श्री रमेशपाल की उक्त मूल शिकायत आदि सुपुर्द कर आवश्यक निर्देशित किया गया। जिस पर मन् सीताराम निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री रमेशपाल की उक्त शिकायत का अवलोकन कर परिवादी श्री रमेशपाल से आवश्यक पूछताछ की गई तो परिवादी द्वारा अपनी शिकायत में अंकित तथ्य एवं उप अधीक्षक पुलिस को बताये गये तथ्य ही बताये। मामला प्रथम दृष्ट्या भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 का पाया जाने पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुऐ रिश्वति राशि मांग सत्यापन करवाया जाने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् मन् निरीक्षक

पुलिस द्वारा हमरा श्री रामकिशोर हैड कानि. व परिवादी श्री रमेशपाल का आपस में परस्पर परिचय करवाया जाकर ब्यूरो चौकी से साथ लाये डिजीटल वॉयस रिकार्डर संचालन की प्रक्रिया दोनों को समझाई जाकर एवं डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में कोई वार्ता रिकॉर्डिंग नहीं होना सुनिश्चित कर श्री रामकिशोर हैड कानि. को मय डिजीटल वॉयस रिकार्डर के आरोपी द्वारा मांगी जा रही रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाने हेतु आवश्यक हिदायत देकर परिवादी के साथ जरिये परिवादी के निजी वाहन से जिला परिषद नागौर के लिये रवाना किया गया। तत्पचात् मन् निरीक्षक पुलिस वही नायरा पेट्रोल पम्प के पास निजी वाहन में बैठकर परिवादी व रामकिशोर हैड कानि. का इंतजार किया। करीब घंटे भर पश्चात् श्री रामकिशोर हैड कानि. व परिवादी श्री रमेशपाल रिश्वति राशि मांग सत्यापन में गये हुऐ पुनः मेरे समक्ष उपस्थित आये तथा रामकिशोर हैड कानि. ने स्वीच ऑफशुदा डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मन् निरीक्षक पुलिस को सुपुर्द किया। परिवादी ने मन् निरीक्षक पुलिस को बताया कि मैं व रामकिशोर यहां से रवाना होकर जिला परिषद के पास साईड वाली गली में पहूंचे जहां पर श्री रामकिशोर ने मुझे आवश्यक हिदायत देकर साथ लाये डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर का स्वीच ऑन कर सुपुर्द कर श्री सुरेश कुमार बाबू से रिश्वति राशि के बारे में वार्ता कर रिश्वति राशि मांग सत्यापन करने हेतु रवाना किया। जिस पर मैं जिला परिषद में श्री सुरेश कुमार के कार्यालय कक्ष में गया जहां सुरेश कुमार उपस्थित मिला जिनसे ग्राम पांचला सिद्धा के नरेगा कार्यो के स्वीकृति में पैण्डिंग पड़े प्रस्तावों के बारे में पूछा तो उन्होंने उक्त प्रस्ताव ढूंढकर बताया कि इसमें से माह सितम्बर 2021 के प्रस्ताव कमांक 5750 दिनांक 02.09.2021 के तीन कार्यो की स्वीकृति हो चुकी है शेष स्वीकृतियां मैं स्वीकृत करवा दूंगा एवं मुझे एक तरफ खड़ा हाने का ईशारा किया जिस पर मैं उनके कार्यालय कक्ष के दरवाजे के पास खड़ा हो गया। कुछ समय पश्चात श्री सुरेश कुमार के पास कोई अन्य व्यक्ति नहीं होने पर उसने मुझे पुनः अपने पास बुलाया तथा कहा कि कोई बात नहीं आप यही आ जाओ। जिस पर मैं उनके पास गया तो उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत पांचला के 04 प्रस्ताव स्वीकृति हेतु पैण्डिंग पड़े है जिनकी स्वीकृति दिलाने हेतु प्रस्तावों में अंकित सामग्री पेटे दिये जाने वाली राशि का 3 प्रतिशत के हिसाब से राशि मुझे व एक्सईएन साहब के लिये देनी पड़ेगी तब मैंने कहा कि 3 प्रतिशत बहुत ज्यादा है तो उन्होंने कहा कि यदि आप सीओ साहब की राशि 1 प्रतिशत के हिसाब से सीधे सीओ साहब को देते हो तो 2 प्रतिशत मेरे व एक्सईएन साहब के लिये देने होंगे। तब मैंने कहा कि 2 प्रतिशत के हिसाब से कितनी राशि होती है तो उन्होंने प्रस्तावों में सामग्री पेटे अंकित राशि को जोड़कर बताया कि 2 प्रतिशत के हिसाब से एवं प्रति टांका 1000 रूपये के हिसाब से 20 टांको के 20,000 रूपये तथा कुल मिलाकर लगभग 2,00,000 रूपये लगेंगे। तब मैंने उक्त राशि ज्यादा होना एवं कम करने का निवेदन करने पर श्री सुरेश कुमार ने 1,90,000 रूपये लेने की सहमति दी साथ ही कहा कि मैं आपके प्रस्तावें की शीघ्र ही एफ.एस. जारी करवा रहा हूं एवं एफ.एस. जारी होते ही आप को बता दूंगा। आप पैसे लेकर आ जाना, जिस पर मैं उक्त एफ.एस. को ऑनलाईन चढ़ा दूंगा। साथ ही परिवादी ने बताया कि मैं श्री सुरेश कुमार बाबू से उक्त वार्ता होने के बाद श्री रामकिशोर हैड कानि. से जिला परिषद के पास ही स्थित गली में आकर मिला जिस पर रामकिशोर हैड कानि ने मेरे से डिजीटल वायस रिकॉर्डर प्राप्त कर उसका स्वीच ऑफ किया एवं इनके द्वारा पूछने पर मैंने उपरोक्त हालात इनको भी बताये। जिस पर श्री रामकिशोर ने भी परिवादी के उक्त कथनों की ताईद की जिस पर डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड वार्ता को मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा सुना गया तो परिवादी के उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि होकर आरोपी श्री सुरेश कुमार द्वारा रिश्वत राशि अपने व एक्सईएन श्री रमजान अली खां के लिये मांग करना पाया गया। जिस पर उक्त डिजीटल वायस रिकॉर्डर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपने पास सुरक्षित रखा गया। तत्पश्चात् परिवादी श्री रमेशपाल से एक्सईएन श्री रमजान अली खां से वार्ता कर उनसे रिश्वति राशि मांग सत्यापन वार्ता करने हेतु कहा गया। मगर परिवादी ने कहा कि एक्सईएन श्री रमजान अली खां मुझे नहीं जानता हैं तथा ना ही वो सीधे पैसो की बात करता है। एक्सईएन श्री रमजान अली खां श्री सुरेश कुमार के मार्फत ही रिश्वति राशि का लेन देन करता है। तथा साथ ही परिवादी ने बताया कि सीओ साहब मेरे जानकार है तथा मैं उनसे पहले भी मिल चुका हूं। वह मेरे से रिश्वति राशि के पैसे नहीं मांगेगे तथा ना ही प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात् श्री रमेशपाल को गोपनीयता की आवश्यक हिदायत दी जाकर कहा गया कि सरपंच श्री राजेन्द्रसिंह से मिलकर आरोपी श्री सुरेश कुमार बाबू द्वारा तय की गई रिश्वति राशि की व्यवस्था कर आरोपी श्री सुरेश कुमार द्वारा एफ.एस. जारी करने की जानकारी हासिल कर एफ.एस. जारी होने पर तुरंत मन् निरीक्षक पुलिस को जरिये

मोबाईल अवगत करावें ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें एवं बाद हिदायत परिवादी को रूखसत कर रवाना होकर ब्यूरो चौकी पाली पहुंचे। दिनांक 15.03.2022 को दोपहर में परिवादी श्री रमेशपाल के मोबाईल नं 8708741946 से मन् निरीक्षक पुलिस के मोबाईल नं 7976504327 ने फोन कर बताया कि मैं कल दिनांक 14.03.2022 को श्री सुरेश कुमार से उनके कार्यालय में जाकर मेरे कार्य की एफ.एस. जारी होने की जानकारी के लिये मिला तो उसने कहा कि परसो दिनांक 16.03.2022 को आपके कार्यो की एफ.एस. आवश्यक रूप से जारी हो जायेगी तथा कल दिनांक 15.03.2022 को भी जारी हो सकती है। तथा साथ ही कहा कि श्री सुरेश कुमार ने मुझे बताया कि एफ.एस. जारी होते ही मैं आपको फोन कर बता दूंगा या आप फोन कर जानकारी कर लेना तथा मेरा काम करके जिला परिषद आ जाना। इस प्रकार आरोपी श्री सुरेश कुमार एफ.एस. जारी होने पर आज दिनांक 15.03.2022 को या कल दिनांक 16.03.2022 को मुझे तय की गई रिश्वति राशि लेकर बुला सकता है जिस पर परिवादी को हिदायत की गई कि उक्त तय की गई राशि सरपंच पांचला सिद्धा श्री राजेन्द्रसिंह से लेकर नागौर में उपस्थित मिले। तत्पश्चात् उपरोक्त कार्यवाही में स्वतंत्र गवाहान की आवश्यकता होने पर विकास अधिकारी पंचायत समिति पाली से दो कार्मिको की उपस्थिति प्राप्त की गई। जिन्हें मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछने पर उन्होंने अपना परिचय सर्व श्री कानाराम पुत्र श्री वकताराम जाति पटेल उम्र 41 वर्ष पेशा नौकरी निवासी गांव बल्दों की ढ़ाणी, पोस्ट केरला, पुलिस थाना सदर, जिला पाली हाल कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत रूपावास, पाली जिला पाली व श्री मोहम्मद शाहिद पुत्र श्री नजर मोहम्मद जाति मुसलमान उम्र 31 वर्ष पेशा नौकरी निवासी 94 नाडी मोहल्ला, पुलिस थाना कोतवाली जिला पाली हाल कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत गिरादड़ा जागीर जिला पाली के रूप में दिया। जिन्हें बुलाने में मन्तव्य से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात् मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा मालखाना प्रभारी श्री चम्पालाल मुख्य आरक्षक नं 100 को आवश्यक हिदायत दी गई की मालखाना में रखी फिनोफथिलीन पाउडर के डिब्बे में से कुछ पाउडर निकालकर अपने पास कागज की पुड़िया में सुरक्षित रखे एवं तत्पश्चात् मन् निरीक्षक पुलिस मय स्वतंत्र गवाह श्री कानाराम व मोहम्मद शाहिद, ब्यूरो जाब्ता के सदस्य श्री रामकिशोर मुख्य आरक्षक नं. 56, श्री चम्पालाल हैड कानि नं 100 मय फिनोफथिलीन पाउडर की पुड़िया, श्री सोहनलाल कानि. 497, श्री दयालसिंह कानि. 326 के जरिये प्राईवेट वाहन मय ट्रेप बॉक्स तथा विभागीय डिजीटल वॉयस रिकार्डर, लेपटॉप मय प्रिन्टर सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु नागोर के लिये रवाना हुऐ। वक्त 05:22 पीएम पर मन् निरीक्षक पुलिस समस्त हमरायान के नागौर बीकानेर हाईवे पर पेट्रोल पम्प के पास एक खाने के ढ़ाबे पर पहुंचकर गाड़ी को एक तरफ खड़ा कर परिवादी से जरिये मोबाईल सम्पर्क कर निश्चित स्थान पर बुलाया गया। कुछ समय पश्चात् परिवादी श्री रमेशपाल नागौर बीकानेर हाईवे पर निश्चित किये स्थान पर उपस्थित आया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी व साथ आये दोनों कार्मिकों का आपस में परस्पर परिचय करवाया गया तथा परिवादी द्वारा दिनांक 08.03.2022 को प्रस्तुत शिकायत को दोनों कार्मिकों को पढ़ाई गई एवं दिनांक 08.03.2022 को ही परिवादी व श्री सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक के मध्य वक्त रिश्वति राशि मांग सत्यापन हुई वार्ता जो ब्यूरों के डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड है के मुख्य अंश सुनाये गये। दोनों कार्मिकों ने संतुष्टि जाहिर करते हुऐं अग्रिम कार्यवाही में स्वतंत्र गवाह रहने की सहमति प्रदान की। परिवादी श्री रमेशपाल ने बताया कि श्री सुरेश कुमार को दी जाने वाली रिश्वति राशि 1,90,000 रूपये मैं सरपंच साहब से प्राप्त कर अपने साथ लेकर आया हूं। मगर श्री सुरेश कुमार ने मुझे कल दिनांक 14.03.2022 को मिलने पर बताया कि आपकी एफ.एस. दिनांक 16.03.2022 को जारी हो सकती है, इससे पूर्व जारी होने पर मैं फोन करके बता दूंगा। लेकिन सुरेश कुमार का मेरे पास फोन नहीं आया है इसलिये उससे कल दिनांक 16.03.2022 को ही मिलकर रिश्वति राशि देना उचित रहेगा। जिस पर अग्रिम कार्यवाही दिनांक 16.03.2022 को करने का निर्णय कर परिवादी को आवश्यक हिदायत कर दिनांक 16.03.2022 को प्रातः 06:00 एएम पर उपस्थित आने के लिये पाबंद किया गया तथा मन् निरीक्षक पुलिस समस्त हमरायान के उक्त ढ़ाबे पर ही रात्रि विश्राम किया। दिनांक 16.03.2022 को पूर्व पाबंदशुदा परिवादी श्री रमेशपाल मेरे समक्ष उपस्थित आया एवं बताया कि श्री सुरेश कुमार को दी जाने वाली रिश्वति राशि साथ लेकर आया हूं। जिस पर परिवादी ने 500–500 रूपये के 380 नोट कुल 1,90,000/– रूपये मुझ सीताराम निरीक्षक पुलिस को पेश किये, जिनके नम्बर फर्द सुपुर्दगी एवं पेशकशी रिश्वति राशि में अंकित करवाये गये तत्पश्चात् उक्त ढ़ाबे पर एकान्त में गाड़ी की सीट पर अखबार बिछाकर ब्यूरो चौकी के मालखाना से श्री चम्पालाल हैड कानि. 100 द्वारा साथ

लाये फिनॉफ्थलीन पाउडर पुड़िया में से पाउडर निकलवाकर उपरोक्त नोटों की 04 गड्डियों पर चारो ओर हैड कानि. चम्पालाल से ही हल्का–हल्का फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री रमेशपाल की जामा तलाशी गवाह श्री कानाराम से लिवाई गई। परिवादी श्री रमेशपाल के पास कोई राशि अथवा दस्तावेज नहीं रहने देते हुए परिवादी का मोबाईल फोन रहने दिया गया। तत्पश्चात् दैनिक भास्कर के एक पृष्ठ के दोनों तरफ श्री चम्पालाल हैड कानि. से हल्का हल्का फिनॉफ्थलीन पाउडर लगवाया जाकर उपरोक्त फिनॉफ्थलीन पाउडरयुक्त नोटो की गड्डियो को श्री चम्पालाल हैड कानि. से उक्त पैपर में लिपटाई जाकर रबड़ में लपेटा गया। फिर चम्पालाल से ही उक्त पैपर में लिपटी हुई नोटों की गड्डियो को परिवादी की ऑल्टो गाड़ी के आगे के डेसबोर्ड को गवाहान से खाली होना सुनिश्चित करवाकर उक्त पैपर में लिपटी हुई राशि डेसबोर्ड में रखवाई गई। तत्पश्चात् परिवादी को हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि लेन–देन के उपरान्त अपने सिर पर दो–तीन बार हाथ फिराकर या अपने मोबाईल फोन से मन् निरीक्षक पुलिस के मोबाईल पर मिस कॉल कर गोपनीय ईशारा करें। परिवादी श्री रमेशपाल को यह भी हिदायत दी गई कि रास्ते में इन पैपर में लिपटी हुई नोटों की गड्डियों व इस पैपर को हाथ नहीं लगावें तथा आरोपी श्री सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर ही देवे तथा इस बात का भी ध्यान रखे कि वह रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात् किस स्थान पर रखता है अथवा छुपाता हैं। इसके बाद एक डिस्पोजल बड़े साफ गिलास में साफ पानी भरवाकर उसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर मिलाकर घोल तैयार किया गया तो उक्त घोल के रंग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। उक्त घोल में श्री चम्पालाल हैड कानि. के दाहिने हाथ की अगुंलियां डुबोकर धुलवायी गयी तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया। गवाहान एवं परिवादी को फिनॉफ्थिलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर का दृष्टांत देकर समझाईश की गई। उक्त घोल को बाहर फिकवाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की पुड़िया व जिस अखबार पर रखकर नोटो की गड्डियों पर फिनॉफिथलीन पाउडर लगाया गया उस अखबार, घोल तैयार करने में प्रयुक्त डिस्पोजेबल गिलास व चम्मच तथा फिनॉफ्थिलीन पाउडर की पुड़िया को श्री चम्पालाल हैड कानि. से जलवाकर नष्ट करवाया गया। श्री चम्पालाल हैड कानि. के दोनों हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। ट्रेप पार्टी के समस्त सदस्यों के हाथ साफ पानी एवं साबुन से धुलवाये गये एवं ट्रेप कार्यवाही के उपयोग में आने वाले उपकरण अन्य गिलास, चम्मच इत्यादि को साफ पानी एवं साबुन से धुलवाये जाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। श्री चम्पालाल हैड कानि. को हिदायत दी गई कि हाथ धोवन की कार्यवाही होने तक गाड़ी में ही बैठे रहे तथा किसी से हाथ नहीं मिलाये। तत्पश्चात् कार्यालय के लेपटॉप एवं प्रिन्टर को ढ़ाबे पर स्थित लाईट कनैक्शन से जोड़कर मुर्तिबा फर्द की दो प्रतियों में प्रिन्ट निकाला गया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपने हस्ताक्षर कर संबंधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। परिवादी रमेशपाल ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार ने मुझे कह रखा है कि आप मेरे मोबाईल पर व्हॉट्सएव कॉल से वार्ता कर सकते हो तथा आज वार्ता करने का कह रखा है जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा रूबरू मौतबिरान परिवादी के मोबाईल नं 7878649552 से आरोपी सुरेश कुमार के मोबाईल नं 8107078777 पर परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर व्हॉट्सएप वॉयस कॉल करवाया गया। मगर आरोपी सुरेश कुमार द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। उसके कुछ समय पश्चात आरोपी श्री सुरेश कुमार के मोबाईल नं 8107078777 से परिवादी के मोबाईल नं 7878649552 पर व्हॉट्सएप वॉयस कॉल आया। परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन कर वार्ता करवाई गई। उक्त वार्ता को ब्यूरों के डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड किया गया। वार्ता के दौरान आरोपी द्वारा परिवादी से कहा गया कि आप चिन्ता मत करो आपका काम हो जायेगा, होली के बाद मिलना। जिस पर आज ट्रेप कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होने के कारण श्री चम्पालाल हैड कानि से परिवादी श्री रमेशपाल की ऑल्टो गाड़ी के आगे के डैसबोर्ड में पैपर में लपेटकर रखी गई फिनॉफथिलीन युक्त रिश्वति राशि 1,90,000 रूपये पुनः निकलवाई जाकर उनके पास आवश्यक हिदायत से साथ सुरक्षित रखवाई गई। तत्पश्चात् रिश्वति राशि मांग सत्यापन एवं रिश्वति राशि लेनदेन से पूर्व हुई वार्ताऐं जो ब्यूरो के डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड है की पृथक पृथक फर्द ट्रांन्सक्रीप्टे नागौर बीकानेर हाईवे, पेट्रोल पम्प के पास स्थित खाने के ढ़ाबे के पास एकांत स्थान पर बैठकर तैयार करने का निर्णय लिया गया एवं मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा रूबरू मौतबिरान व परिवादी श्री रमेशपाल की उपस्थिति में दिनांक 08.03.2022 को परिवादी रमेशपाल व आरोपी सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक के मध्य वक्त रिश्वति राशि मांग रूबरू हुई वार्ता जो डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड है को लेपटॉप के माध्यम से सुन–सुनकर,

समझ–समझकर, शब्द–बशब्द फर्द रिश्वति राशि मांग सत्यापन मुर्तिब की गई। उक्त वार्ताओं की लेपटॉप के माध्यम से दो सीडी तैयार की जाकर एक सीडी को मूल मानते हुऐं सील्ड मोहर किया गया। दूसरी सीडी को डब मानते हुऐं खुली हालत में रखी गई। उक्त रिकॉर्ड वार्ता में आरोपी सुरेश कुमार की आवाज एवं परिवादी स्वंय की आवाज की पहचान परिवादी श्री रमेशपाल द्वारा की गई। इसी प्रकार मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा रूबरू मौतबिरान एवं परिवादी के वक्त रिश्वति राशि लेनदेन से पूर्व आज दिनांक 16.03.2022 को परिवादी रमेशपाल व आरोपी सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक के मध्य हुई टेलिफोनिक वार्ता जो ब्यूरों के डिजीटल वायस रिकॉर्डर में रिकॉर्ड है को लेपटॉप के माध्यम से सुन–सुनकर, समझ–समझकर, शब्द–बशब्द फर्द ट्रान्सक्रिप्ट रिश्वति राशि लेन देन से पूर्व मुर्तिब की गई। उक्त वार्ताओं की लेपटॉप के माध्यम से दो सीडी तैयार की जाकर एक सीडी को मूल मानते हुऐं सील्ड मोहर किया गया। दूसरी सीडी को डब मानते हुऐं खुली हालत में रखी गई। उक्त रिकॉर्ड वार्ता में आरोपी सुरेश कुमार की आवाज एवं परिवादी स्वंय की आवाज की पहचान परिवादी श्री रमेशपाल द्वारा की गई। तत्पश्चात् साथ लाये प्रिन्टर को ढ़ाबे के विद्युत पाईन्ट से कनेक्ट कर पृथक पृथक उपरोक्त दोनों फर्द ट्रान्सिक्रप्टो के दो–दो प्रिन्ट निकाले गये एवं दोनों फर्दो की दो दो प्रतियों एवं दोनों शिल्डशुदा मूल सीडीयों पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा अपने हस्ताक्षर कर संबंधितान के हस्ताक्षर करवाये गये। अग्रिम ट्रेप कार्यवाही का आयोजन बाद होली किये जाने का निर्णय लिया गया एवं परिवादी श्री रमेशपाल को हिदायत दी गई कि आरोपी सुरेश कुमार होली से पहले अगर संपर्क कर रिश्वति राशि लेने हेतु वार्ता करता है तो तुरंत मन् निरीक्षक पुलिस को अवगत करावें। तत्पश्चात् परिवादी को गोपनीयता की आवश्यक हिदायत देकर रूखसत किया गया। मन् निरीक्षक पुलिस हमरा श्री चम्पालाल हैड कानि. मय रिश्वति राशि, दोनों स्वतंत्र गवाह, मय शेष ब्यूरो जाब्ता के जरिये प्राईवेट वाहन मय ट्रेप बॉक्स, 2 सील्डशुदा मूल सीडी व 2 डब सीडी खुली हालत में तथा विभागीय डिजीटल वॉयस रिकार्डर, लेपटॉप मय प्रिन्टर आदि लेकर नागौर से रवाना होकर ब्यूरों चौकी पाली द्वितीय पहूंचे तथा दोनों गवाहान को गोपनीयता की हिदायत देकर रूखसत किया गया। तत्पश्चात् मालखाना प्रभारी श्री चम्पालाल मुख्य आरक्षक के पास पैपर में लपेटकर सुरक्षित रखवाई गई रिश्वति राशि को मालखाना खुलवाकर मालखाना के डबल लॉक में एक कॉलम में सुरक्षित रखवाई गई तथा अन्य मालखाना आईटम दो शिल्डशुदा मूल सीडी एवं दो डब्ड सीडी सुरक्षित संभलाई जाकर जमा मालखाना करवाई गई। दिनांक 23.03.2022 को वक्त **01:24** पीएम परिवादी श्री रमेशपाल का मन् निरीक्षक पुलिस के पास फोन आया तथा बताया कि मुझे मेरे सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि ग्राम पांचला सिद्धा के नरेगा कार्यो के पैण्डिंग प्रस्तावों की वित्तिय स्वीकृतियां जारी हो चुकी है तथा जब में आज श्री सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक से उक्त वित्तिय स्वीकृतियां लेने जाउंगा तो श्री सुरेश कुमार मेरे से पूर्व में वक्त रिश्वति राशि मांग सत्यापन तय की गई राशि मांगकर देने को कहेगा। जिस पर परिवादी को हिदायत की गई कि आप जब तक मन् निरीक्षक पुलिस मय मौतबिर एवं जाब्ता के नागौर नहीं पहुंचु तब तक श्री सुरेश कुमार से नहीं मिले तथा ना ही कोई टेलिफोनिक आदि संपर्क करें एवं समस्त हालात श्रीमान उप अधीक्षक पुलिस को निवेदन किये गये। तत्पश्चात् प्रकरण के दोनों गवाहान सर्वश्री कानाराम व मोहम्मद शाहिद को सूचित कर शीघ्र ब्यूरो चौकी पाली द्वितीय में उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। वक्त 01.50 पीएम पर पाबंदशुदा दोनों स्वतंत्र गवाहान सर्वश्री कानाराम व मोहम्मद शाहिद उपस्थित आने पर मालाखाना प्रभारी श्री सोहनलाल कानि. से मालखाना के डबल लॉक में पूर्व में पैपर में लपेटकर चम्पालाल मुख्य आरक्षक से रखवाई गई फिनाफिथलीन युक्त राशि निकलवाई जाकर आवश्यक हिदायत के साथ सोहनलाल के पास सुरक्षित रखी गई। तत्पश्चात् मन् निरीक्षक पुलिस, दोनों स्वतंत्र मौतबिरान श्री कानाराम कनिष्ठ सहायक व मोहम्मद शाहिद कनिष्ठ सहायक, ब्यूरो जाब्ता के सदस्य श्री रामकिशोर मुख्य आरक्षक नं. 56, श्री दादूदान कानि 481, श्री दयालसिंह कानि. 326 के जरिये प्राईवेट वाहन मय मालखाना प्रभारी श्री सोहनलाल कानि. मय रिश्वति राशि मय ट्रेप बॉक्स तथा विभागीय डिजीटल वॉयस रिकार्डर, लेपटॉप मय प्रिन्टर सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु नागोर के लिये रवाना हुऐं। वक्त 05.15 पीएम पर मन् निरीक्षक पुलिस मय समस्त हमरायान के उपरोक्त फिकरा के रवानाशुदा नागोर से पहले तय किये गये गोपनीय स्थान पर पहुंचे एवं परिवादी श्री रमेशपाल से जरिये टेलिफोन संपर्क कर गोपनीय स्थान पर बुलाया गया। कुछ समय पश्चात परिवादी श्री रमेशपाल उन्हें बताये गये गोपनीय स्थान पर मन् निरीक्षक पुलिस के समक्ष उपस्थित आया एवं बताया कि मैंने मेरे स्तर पर पता किया तो ज्ञात हुआ है कि श्री सुरेश कुमार कनिष्ठ सहायक जिला परिषद नागौर में स्थित अपने कार्यालय

